# टॉपिकल एनाल्जेसिक्स

## प्रस्तावना

टॉपिकल एनाल्जेसिक्स वो दवाएँ हैं जो कि क्रीम, जैल, मलहम, ट्रांसडरमल पैच और स्प्रे जैसे कई रूपों में अस्थायी तौर पर माँसपेशियों या जोड़ों के दर्द में राहत पाने के लिए त्वचा पर लगाईं जाती हैं या धीरे धीरे मालिश की जाती हैं।

## सामान्य टॉपिकल एनाल्जेसिक उत्पाद

सामान्य तौर पर उपयोग किये जाने वाले टॉपिकल एनाल्जेसिक उत्पादों को तीन श्रेणियों में श्रेणीबद्ध किया जा सकता है जिसमें काउंटर-इरिटेंट, गैर-स्टेरॉयड एंटी-इन्फ्लैमेटरी दवाइयाँ (NSAIDs) और ओपिओइड एनाल्जेसिकस शामिल हैं:

1. काउंटर-इरिटेंटस: वे अधिक तीव्र दर्द का मुकाबला करने के लिए कम गंभीर दर्द पैदा करके काम करते हैं। आम उदाहरण में मिथाइल सैलिसिलेट, मेन्थोल, कपूर और कैपसिकम एक्सट्रैक्ट शामिल हैं।
2. NSAIDs: वे साइक्लो-ऑक्सीजनेज 2 (प्रोस्टाग्लैंडिस की रिलीज को नियंत्रित करने वाला एक एंजाइम, जो दर्द और सूजन के लिए जिम्मेदार हैं) के साथ हस्तक्षेप करके एनाल्जेसिक प्रभाव प्रदान करते हैं। सामान्य उदाहरणों में डिक्लोफेनक, पाइरोक्सिकैम, इबुप्रोफेन, इंडोमेथेसिन और केटोप्रोफेन शामिल हैं।
3. ओपिओइड एनाल्जेसिक: वे केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को दर्द की संवेदना प्राप्त करने से रोकने के लिए त्वचा के माध्यम से अवशोषित होते हैं। सामान्य उदाहरणों में फेंटेनल और बुप्रेनोर्फिन शामिल हैं।

सभी टॉपिकल एनाल्जेसिक उत्पाद सिर्फ अस्थायी दर्द से राहत प्रदान करते हैं, कृपया आपके डॉक्टर या फार्मासिस्ट द्वारा निर्देशित रूप में उपयोग करें; या ओवरडोज या पॉइजनिंग (जैसे सैलीसाइलेट पॉइजनिंग) के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए लेबल /पैकेज पर लिखे अनुसार उपयोग करें। यदि आप पुराने या गंभीर और असहनीय दर्द से पीड़ित हैं, तो कृपया डॉक्टर की सलाह लें या मिलें।

## सामान्य दुष्प्रभाव*

1. टॉपिकल काउंटर-इरिटेंट: त्वचा का लाल होना, जलन, खुजली, दाने आदि।
2. टॉपिकल NSAIDs: त्वचा पर लाल चकत्ते, खुजली, लाल होना, त्वचा में जलन, फोटो सेंसिटिविटी आदि।
3. टॉपिकल ओपिओइड एनाल्जेसिक: कब्ज़, नींद आना, मतली और उल्टी, थकान, चक्कर आना, सिरदर्द, पेट दर्द आदि।

यदि आपको छाले, पित्ती, घरघराहट या चेहरे, होंठ, जीभ या गले में सूजन के साथ त्वचा पर लाल चकते के साथ एलर्जी के किसी भी लक्षण का अनुभव होता है, तो उत्पाद का उपयोग बंद कर दें और तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

## सामान्य सावधानियाँ*

- उपचार के लिए बताई गई अवधि/ बताई गई खुराक को अनुशंसा से अधिक न लें
- उपचारित त्वचा को बैंडेज या हिटिंग पैड से न ढकें।
- उपयोग में होने पर चेहरे, सिर, आँखों या श्लेष्मा झिल्ली के संपर्क से बचें।
- त्वचा के बड़े भाग पर लगाने से बचें।
- उत्पाद को उखड़ी हुई त्वचा पर लगाने से बचें।
- फ्लू, चेचक या बुखार से पीड़ित बच्चों में मिथाइल सैलिसिलेट युक्त टॉपिकल उत्पादों के उपयोग से बचें।
- टॉपिकल NSAIDs का उपयोग न करें यदि आपके पास सैलिसिलेटस (जैसे एस्पिरिन) या अन्य किसी NSAID के प्रति अतिसंवेदनशीलता का इतिहास है, जिसमें वे शामिल हैं जिनमें एस्पिरिन या किसी अन्य NSAID द्वारा अस्थमा, एन्जियोएडेमा, अर्टिकेरिया या राइनाइटिस के हमले हुए हैं।
- यदि आप रक्त को पतला करने वाली दवाईयां ले रहे हैं तो ऐसे किसी भी टॉपिकल उत्पाद का उपयोग करने से पहले अपने डॉक्टर से परामर्श करें जिसमें सैलिसिलेट (जैसे मिथाइल सैलिसिलेट) हो।
- यदि आपको सैलिसिलिक एसिड से एलर्जी है तो मिथाइल सैलिसिलेट युक्त किसी भी टॉपिकल उत्पाद का उपयोग करने से पहले अपने डॉक्टर से परामर्श करें।
- प्रकाश-संवेदनशीलता की संभावना से बचने के लिए टॉपिकल NSAIDs से उपचारित भाग में धूप के अत्यधिक संपर्क में आने से बचें।
- बच्चों द्वारा टॉपिकल एनाल्जेसिक का उपयोग करने से पहले डॉक्टर से सलाह लें या मिलें।
- यदि आप गर्भवती हैं या स्तनपान करवा रही हैं तो किसी भी टॉपिकल एनाल्जेसिक का उपयोग करने से पहले अपने डॉक्टर से परामर्श करें।

ओपीओइड ट्रांसडरमल पैच (यानी फेंटेनाइल या ब्यूप्रेनोर्फिन) का उपयोग करते समय अतिरिक्त सावधानियाँ*:

- एक ही भाग पर लगातार उपयोग करने से बचें।
- डॉक्टर की सलाह के बिना पैच को न काटें।
- शराब न पियें, वाहन या भारी मशीनरी न चलाएँ।
- अपने डॉक्टर द्वारा निर्देशित ओपिओइड ट्रांसडरमल पैच का उपयोग करें। अपने डॉक्टर की सलाह के बिना इसका उपयोग बंद न करें।

## टॉपिकल एनाल्जेसिकस का उपयोग करने पर सामान्य सलाह*

- हमेशा अपने डॉक्टर या फार्मासिस्ट के निर्देशों का पालन करें; या लेबल / पैकेज आवरण पर दिए गए निर्देश के अनुसार ही उपयोग करें।
- एलर्जी की प्रतिक्रिया होने पर तुरंत उत्पाद का उपयोग बंद करें और अपने डॉक्टर से परामर्श करें।
- अपने हाथों को उत्पादों का उपयोग करने के बाद धोएँ। यदि आप अपने हाथों या उँगलियों के भागों का इलाज करने के लिए दवाई का उपयोग कर रहे हैं, तो अपने हाथ धोने से पहले कम कम 30 मिनट तक इंतजार करें।
- यदि स्थिति बिगड़ती है, या यदि लक्षण 7 दिनों से अधिक समय तक बने रहते हैं या ठीक हो जाते हैं और कुछ दिनों के भीतर फिर से प्रकट होते हैं, तो अपने डॉक्टर से परामर्श करें।

## भंडारण

टॉपिकल एनाल्जेसिक दवाओं को ठंडी सूखी जगह पर संग्रहित किया जाना चाहिए। जब तक लेबल पर निर्दिष्ट न किया गया हो, दवाओं को रेफ्रीजरेटर में संग्रहित नहीं किया जाना चाहिए और अचानक ग्रहण कर लेने या विषाक्तता को रोकने के लिए इन्हें बच्चों की पहुँच से दूर रखा जाना चाहिए।

* इसमें निहित जानकारी में सभी संभावित दुष्प्रभावों, सावधानियों, चेतावनियों, दवा के परस्पर प्रभाव, एलर्जी प्रतिक्रियाओं या प्रतिकूल प्रभावों को शामिल नहीं किया जा सकता है।

दवा विभाग

स्वास्थ्य विभाग

दिसंबर 2022